# JAIN COLLEGE JAYNAGAR

## 1-PU MOCK PAPER-2020

## SUB- HINDI

TIME -3.15 hrs                                                    Max.Marks :100

**I अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

1- बड़े घर की बेटी कहानी के लेखक कौन हैं ?

2- निंदकों की जैसी एकाग्रता किनमें दुर्लभ है ?

3-महादेवी वर्मा के लिए कौन त्रिकालदर्शी से कम न थी ?

4-मूकनायक पत्रिका के संपादक कौन थे ?

5- कोरोनरी धमनियों में सिकुड़न आने का एक बड़ा कारण क्या है ?

6- 'राष्ट्र का स्वरुप' पाठ के लेखक कौन हैं ?

**आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए-** **3x3=9**

7-बेनीमाधव सिंह के परिवार का सिंक्षिप्त परिचय दीजिए ?

8-निंदकों के संघ के बारे में लिखिए ?

9-लंडन के गोलमेज सम्मलेन में अंबेडकर जी ने किन विषयों पर प्रकाश डाला ?

10-बद्रीनारायण मंदिर की विशेषता पर प्रकाश डालिए ?

11-राष्ट्र को निर्मित करनेवाले तत्त्वों का वर्णन कीजिए ?

**II अ) निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?** **1x4=4**

12-पर तुमने आजकल घर में यह क्या उपद्रव मचा रखा है ।
13-वह रही मेरी अम्मा ।
14-यात्रा का यह अस्थायी स्नेह भी कितना पवित्र होता है ।
15-ह्रदय का गुण ही धड़कना है ।

**आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए-** **2x3=6**

16- उससे जो कुछ भूल हुई, उसे तुम बड़े होकर क्षमा करो ।

17-मोहन का दूध कब गर्म होगा, 'अभागी मरती भी नहीं' आदि ।

18-जीवन में पहली बार सिफारिश का यह तरीका जाना।

19-भूमि माता है, मैं उसका पुत्र हूँ।

**III अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

20-मीरा ने कृष्ण प्रेम को किससे सींचा ?

21-दुःख में मनुष्य क्या करता है ?

22-कवयित्री ने यौवन के नशे में क्या देखा ?

23-सुख की एक साँस पर क्या निछावर है ?

24- 'तुम आओ मन के मुग्ध मीत' कविता के कवि कौन हैं ?

25-नारी ने इस धरती को धन्य कैसे किया है ?

**आ) किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **2x3=6**

26-गोपियों का कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम कैसा है ?

27-नारी किस प्रकार से सृष्टि का श्रृंगार है ?

28-कवि माचवे जी के अनुसार प्रतिभा के लक्षण लिखिए ?

29- 'उल्लास' कविता के आधार पर मानव हृदय में उठने वाले भावों को अपने शब्दों में लिखिए ।

**इ)ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए-** **2x4=8**

30) जगत में जन्म लेने पर, स्तुति-निन्दा से क्या डरना?

मन में क्रोध न करके समचित्त रहना चाहिए ।

**अथवा**

तुलसी कबहूँ न त्यागिए, अपने कुल की रीति ।

लायक ही सो कीजिए, ब्याह, बैर अरु प्रीति ।।

31) तुम नहीं सोच सकते कंपित-गुंफित है कितनी करुण प्रीत

हे निराकार साकार सगुन-निर्गुण स्वरुप हे गुण परीत ।

**अथवा**

प्रतिभा बोली - "यातना, निरंतर कष्ट-सहन की ताकत में

मैं बसती हूँ संघर्ष-निरत साधक में, असिधारा-व्रत में ।"

**IV अ) एक शब्द या वाक्यांश में उत्तर लिखिए-** **1x6=6**

32- बालक की आँखे किसकी सौगंध खा रही थीं ?

33- ‘श्मशान’ कहानी की लेखिका कौन हैं ?

34-घर का पुराना नौकर कौन था ?

35-भीख माँगना किसी भी व्यक्ति के लिए क्या है ?

36-सन 1970 में सिलिया कौन-सी कक्षा में पढ़ रही थी ?

37- किसकी शादी तय हो गई थी ?

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **3x3=9**

38- मधुआ पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

39- अंततः पहाड़ी ने तरस खाकर श्मशान से क्या कहा ?

40- ‘खून का रिश्ता’ कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए ?

41- चंद्रप्रकाश को अपनी विवशता पर क्षोभ क्यों हुआ ?

42- सिलिया ने मन ही मन क्या दृढ़ संकल्प किया ?

43- सिद्धेश्वरी की आँखों से आँसू क्यों टपकने लगे ?

**V अ) 44)- वाक्य शुद्ध कीजिए-** **1x5=5**

1- तारकोल का सड़क चमक रही थी ।
2- यह पाठ का नाम क्या है ।
3- जो जन्म देती है वह अवश्य ही मरती है ।
4- बैल और बकरे चर रही हैं ।
5- यह दस रूपया का नोट है ।

**आ) 45) रिक्त स्थान भरिए-** **1x5=5**

**(का, की, के, के द्वारा, पर )**

1- उसने देश .......अपनी कुर्बानी दे दी ।
2- डाकिए .......पत्र पहुँचाया गया ।
3- राजा दशरथ ......चार पुत्र थे ।
4- वहाँ लोगों ........भीड़ है ।
5- पुत्र ने अपने पिता ........ नाम रोशन किया ।

**इ)46) मुहावरों को उनके अर्थ के साथ जोड़कर लिखिए-** **1x4=4**

| | |
|---|---|
| 1- पलके बिछाना | अ- जोर की भूख लगना |
| 2- पेट में चूहे कूदना | ब –डरकर भाग जाना |
| 3- दाल न गलना | स – प्रेमपूर्वक स्वागत करना |
| 4- दुम दबाकर भागना | द –सफल न होना |

**ई)47) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए-** **1x3=3**

क) उसे सम्मानित किया जायेगा । (भूतकाल में बदलिए)
ख) उसने करवट बदली । (वर्तमान काल में बदलिए)
ग) वह अपने विचार व्यक्त करता है । (भविष्यकाल मे बदलिए)

**उ)48) अन्य लिंग रूप लिखिए-** **1x2=2**

1)चुहिया 2) बेगम ।

**ऊ)49) अन्य वचन रूप लिखिए-** **1x2=2**

1-तलवार 2) सिद्ध ।

**ए)50) समानार्थक शब्द लिखिए-** **1x2=2**

1-समुद्र 2) विषधर ।

**ऐ)51) विलोम शब्द लिखिए-** **1x2=2**

1-एकता 2) निर्माण।

**52) किसी विषय पर पत्र लिखिए-** **1x5=5**

फ़ीस माफ़ करने के लिए प्राचार्य जी को एक पत्र लिखिए ।

अथवा

दर्शनीय स्थल के बारे में छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

**VI 53) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **1x5=5**

चलना मनुष्य का स्वभाव है । पानी भी चलता है, हवा भी चलती है, समय भी चलता है और मनुष्य भी चलता है । प्राचीन समय में एक स्थान पर पहुँचने के लिए मनुष्य मीलों पैदल यात्रा करता था । कई यात्रा इतनी लंबी हो जाती थी कि वर्षों लग जाते थे, मार्ग में यात्री बीमार होकर मर भी जाते थे, फिर पालकियों का प्रयोग किया जाने लगा । इन्हें चार लोग उठाते थे , मगर रास्ते में चलते चलते-चलते थके लोगों की जगह लेने के लिए आठ या बारह लोग एक समय में चलते थे । पालकियों का प्रयोग स्त्रियों के लिए किया जाता था । पहिये के अविष्कार ने मनुष्य का जीवन ही बदल दिया । इसके आविष्कार से सर्वप्रथम बैलगाड़ी द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी । धीरे-धीरे इसी पहिये से मशीन से चलने वाली गाड़ियाँ सड़कों पर दौड़ने लगी ।

**प्रश्न-**1-चलना किस-किसका स्वभाव है ?

2-प्राचीन समय में एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने के लिए मनुष्य क्या करता था ?

3- पालकियों का प्रयोग किनके लिए होता था ?

4- पहिये के आविष्कार से क्या लाभ हुआ ?

5- पहिये के आविष्कार से सर्वप्रथम किसके द्वारा यात्रा सुगम व सस्ती होने लगी ?

**54) निम्नलिखित वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए-** **1x5=5**

1- Gopal always speaks truth .

2- Mohan could't see.

3- He will come after some time .

4- Police caught the thief .

5- The Sun sets in west.